हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार, 27 दिसंबर, 2025

12 शहर का सफाई ठेका खत्म, हटाए गए 70 से अधिक कर्मचारी धरने पर बैठे



12 इनेलो राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 4 को फतेहाबाद में



## खबर संक्षेप

### कंबोज सभा ने मनाई शहीद उधम सिंह जयंती

**फतेहाबाद।** शहीद ऊधम सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में कंबोज सभा द्वारा स्थानीय उधम सिंह पार्क में शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। हर वर्ष की भांति इस बार में कंबोज सभा शहीद उधम सिंह का जन्मदिवस मनाया गया। कंबोज सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि शहीद उधम ङ्कसह ने देश के लिए अपनी कर्बानी देकर देश की आजादी में अपना योगदान दिया। महान देशभक्त उधम सिंह की कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जाता सकता है। युवाओं को उनसे प्रेरणा लेकर देशभक्ति की राह पर चलना चाहिए।

### शहीद साहिबजादों को श्रद्धांजलि आयोजित

**रतिया।** सिख पंथ के संस्थापक दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादे, माता गुजर कौर सहित सभी शहीद सिखों की शहादत को समर्पित हर साल की तरह रतिया की समुह संगत द्वारा इंप्लाइज कॉलोनी के सामने फतेहाबाद रोड पर श्री अखंड पाठ साहब का प्रकाश करवा गया है।

### चोरी के मामले में नाबालिग पकड़ा

**फतेहाबाद।** मकान में सेंधमारी व चोरी के मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक नाबालिग आरोपी को काबू किया है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप ने बताया कि वार्ड नंबर 07, गांधी गेट टोहाना निवासी सतभूषण सिंगला पुत्र गुलाब चन्द सिंगला की शिकायत पर थाना शहर टोहाना में मकान का ताला तोडक़र चोरी करने का मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार प्रार्थी करीब एक माह से दिल्ली गया हुआ था।

### महिला से मारपीट मामले में सातवां आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** अनुसूचित जाति महिला के साथ मारपीट, जातिसूचक गाली-गलौच व घर में तोडफ़ोड़ के मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। डीएसपी जगदीश काजला ने बताया कि 23 अगस्त को परमजीत कौर पत्नी बलदेव सिंह निवासी हंस कॉलोनी फतेहाबाद द्वारा शिकायत दी गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि पड़ोसी सुभाष चन्द्र व उसके साथियों ने प्लॉट विवाद को लेकर जबरन घर में घुसकर डंडों से मारपीट की, जातिसूचक गालियां दीं, घरेलू सामान तोडफ़ोड़ कर गली में फेंक दिया तथा जान से मारने की धमकी दी।

### खेलो इंडिया महिला सिटी लीग 28 को

**फतेहाबाद।** भारत सरकार, साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, स्पोट्र्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में हरियाणा राज्य साइकिलिंग एसोसिएशन के सहयोग से अस्मिता साइकिलिंग सिटी खेलो इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन 28 दिसंबर को रतिया रोड स्थित ढाणी चानचक फतेहाबाद पर होगा। यह जानकारी हरियाणा राज्य साइकिलिंग संघ के महासचिव नीरज तंवर ने दी।

### महिला पर जानलेवा हमला तीन पकड़े

**फतेहाबाद।** महिला पर हमला व घर में तोडफ़ोड़ के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर रतिया पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना शहर रतिया प्रभारी निरीक्षक पुष्पा सिहाग ने बताया कि 29 नवंबर को आशा पत्नी संजय, निवासी वार्ड नंबर 12, अरोड़ा कॉलोनी रतिया के साथ उनके घर में घुसकर मारपीट व तोडफ़ोड़ की गई थी। शिकायत के अनुसार आरोपियों कालू, झण्डु व सोनू निवासी वार्ड नंबर 14, रतिया ने अपने साथियों के साथ मिलकर घर में जबरन प्रवेश किया और कृपाण, लाठी-डंडों व अन्य हथियारों से हमला किया।

## चौ. देवीलाल विवि में राज्य स्तरीय समारोह में की शिरकत, प्रदर्शनी का किया अवलोकन

# बलिदान भारत की चेतना, युवा पीढ़ी ले प्रेरणा: सीएम सैनी

गुरु तेग बहादुर से लेकर चारों साहिबजादों ने धर्म की रक्षा के लिए जो बलिदान दिया, उस तरह की मिसाल कहीं नहीं मिलती: नायब सैनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बलिदान भारत की चेतना है। गुरु तेग बहादुर के परिवार ने धर्म व आत्म सम्मान की रक्षा के लिए अपने पूरे परिवार की कुर्बानी दे दी। ऐसे बलिदानियों द्वारा दिखाए गए रास्तों पर हरियाणा सरकार अमल करते हुए गुरुओं की शिक्षाओं व बलिदान को जन-जन तक पहुंचा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय में साहिबजादा जोरावर सिंह व फतेह सिंह के सर्वोच्च बलिदान को समर्पित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे।

चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय में साहिबजादों की शौर्य गाथा से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई जिसका अवलोकन भी मुख्यमंत्री ने किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु तेग बहादुर से लेकर चारों साहिबजादों ने धर्म की रक्षा के लिए जो बलिदान दिया, उस तरह की मिसाल कहीं नहीं मिलती। गुरुओं व बलिदानियों की धर्म व आत्म सम्मान की रक्षा के लिए शहादत दी गई, उससे युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर में गुरु तेग बहादुर व उनके परिवार द्वारा दी गई शहादत को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया गया है। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार प्रदेशभर में बलिदानियों के इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सात व नौ साल की उम्र में फतेह व जौरावर ने धर्म की रक्षा के लिए खुद को जिंदा चिनवा दिया, लेकिन अन्याय व असत्य के खिलाफ झुकना स्वीकार नहीं किया।



सिरसा। वीर बाल दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में भाग लेते सीएम तथा विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

### शौर्य गाथा प्रतियोगिता

प्रदेश के 6 लाख बच्चों में ऐसे शहीदों व बलिदानियों से जुड़ी शौर्य गाथा से संबंधित चार भाषाओं में प्रतियोगिता करवाई गई। 3450 स्कूलों में लेख लिखे गए ताकि आने वाली पीढ़ी इतिहास पढक़र समाज व राष्ट्र की मजबूती के लिए काम कर सके। उन्होंने कहा कि युगों-युगों तक सिख गुरुओं का यह बलिदान धर्म व आत्म सम्मान के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार हर पीड़ित व वंचित के लिए काम कर रही है। पिछले दिनों सरकार ने 1984 में सिख दंगों के दौरान पीड़ित 121 परिवारों को नौकरी देने का फैसला किया। मुख्यमंत्री ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों को नकद राशि व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



### सिख गुरुओं के बलिदान प्रेरणादायी

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार जगदीश सिंह झींडा ने कहा कि हरियाणा सरकार नई पीढ़ी को सिख गुरुओं की वीरता, शौर्य व बलिदान से परिचित करवाकर सराहनीय कार्य कर रही है, ताकि समाज व राष्ट्र को मजबूती मिल सके। उन्होंने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि वे गुरु तेग बहादुर व उनके साहिबजादों द्वारा दिए गए बलिदान को याद कर आगे बढऩे का काम करें और धर्म को मजबूत करें। जगदीश झींडा ने हरियाणा सरकार द्वारा साहिबजादों के बलिदान दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने के फैसले का प्रशंसनीय बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री समाज में समरस्ता लाने के लिए कदम उठा रहे हैं जो बेहद स्वागत योग्य है। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल, विधायक रणधीर पनिहार, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, चरणजीत सिंह रोड़ी, पूर्व चेयरमैन जगदीश चोपड़ा आदि मौजूद रहे।

# बेटी से छेड़छाड़ का आरोप, महिला का हंगामा

■ महिला ने महिला स्टोर संचालक की जमकर की धुनाई, दवा लेने आई बेटी के साथ छेड़छाड़ का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शहर में एक मेडिकल स्टोर संचालक की महिला ने जमकर पिटाई कर दी। गुस्साई महिला ने उसे जमकर थप्पड़ व लातें मारे। लात भी मारी। चप्पलों से पीटा और कुर्सी उठाकर भी मारने की कोशिश की। महिला का आरोप है कि उसने बेटी को मेडिकल स्टोर पर दवाई लेने भेजा था। मेडिकल संचालक ने उसकी बेटी से गलत हरकत की। बेटी ने घर आकर यह बात परिजनों को बताई। यह भी आरोप है कि जब मेडिकल स्टोर संचालक से इस बारे में पूछा गया तो माफी मांगने की बजाय उनके साथ ही अभद्रता की। इससे महिला का गुस्सा भडक़ गया। हालांकि, मेडिकल स्टोर संचालक पुलिस को बुलाने के लिए कहता रहा, लेकिन महिला ने उसकी एक नहीं सुनी। मामले में अभी तक पुलिस को शिकायत नहीं दी गई है, लेकिन इसका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें महिला मेडिकल स्टोर में हंगामा करती दिख रही है। महिला के अनुसार, उसने अपनी दस साल की बेटी को पेट दर्द की दवा लेने मेडिकल स्टोर पर भेजा था। स्टोर संचालक ने इंजेक्शन लगाने के लिए कहा। इसी दौरान उसने गलत हरकत की। बाद में घर जाकर बच्ची ने अपनी मां को गलत हरकत करने की बात बताई। इस पर गुस्साई महिला मेडिकल स्टोर पर पहुंच गई।

### ये था मामला

महिला ने बताया कि वह शिकायत लेकर मेडिकल स्टोर संचालक के पास पहुंची तो माफी मांगने की बजाय अभद्रता की। इसे पर भडक़ी महिला ने मेडिकल स्टोर संचालक की पिटाई शुरू कर दी। पहले थप्पड़ मारे, फिर चप्पल उठाकर पीटने लगी। महिला का शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए। उन्होंने बीचबचाव कर मेडिकल स्टोर संचालक को बाहर भेजा और महिला को भी शांत किया। हालांकि, वहां मौजूद लोगों और मेडिकल स्टोर संचालक ने कहा कि पुलिस बुला लो, डायल 112 पर कॉल कर दो। मगर, महिला बोली कि पुलिस क्या करेगी। पुलिस आएगी और साइड में होकर पैसा ले जाएगी। हम गरीब लोग कहां से पैसा लाएंगे। पहले इसको धोऊंगी, फिर पुलिस बुलाऊंगी।

# अवैध हुक्का पार्टी पर रेड में युवक किया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस की जांच में पता चला की युवक के पास लाइसेंस नहीं था

शहर के बरनाला रोड स्थित स्पेस एम पावर कॉम्पलेक्स में बने रेस्टोरेंट में खुलेआम हुक्का पार्टी चल रही थी। इस बीच पुलिस पहुंच गई और छापा मारा। युवक हुक्का परोसता मिला, जिसे पुलिस ने काबू कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में पीएसआई वेदपाल के अनुसार, एएसआई संदीप कुमार, एचजीएच भजन लाल सरकारी गाड़ी सहित बरनाला रोड पर मौजूद थे। गुप्त सूचना मिली कि लहरा वाली ढाणी रानियां के सिमरनजीत सिंह अपने स्पेस एम पावर कॉम्पलेक्स में बने रेस्टोरेंट में आम लोगों को हुक्का प्रतिबंध निकोटिन पदार्थ तंबाकू पिलाने का काम करता है। पुलिस टीम ने रेस्टोरेंट पर रेड मारी तो एक लडक़ा हुक्का परोस रहा था। वह पुलिस को देख भागने लगा, तो उसे पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में युवक ने अपना नाम सिमरनजीत सिंह बताया। पुलिस ने सिमरनजीत से हुक्का बार का परमिट का लाइसेंस के बारे में पूछा तो युवक कुछ नहीं पेश कर सका। इस दौरान एक हुक्का चालू हालत में मिला और काउंटर में एक पैकेट फ्लेवर का मिला। एक पैकेट में दो कोयले की दो टुकडिय़ां और हुक्का पुलिस ने बरामद कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि रेस्टोरेंट संचालक के पास इसका लाइसेंस ही नहीं था और बिना लाइसेंस के यह कई दिनों से खेल रहा था, जो कि युवाओं को फ्लेवर के नाम पर खुलेआम हुक्का पिलाने का काम करता है। ऐसे में पुलिस ने केस दर्जकर जांच शुरू की है।

### सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में तीन पकड़े

**फतेहाबाद।** सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि संदीप कुमार पुत्र आत्मा राम, रकबा हिजरावा कलां, गांव बनावली सौत्तर द्वारा थाना सदर फतेहाबाद में शिकायत दी गई थी। शिकायत के अनुसार मुरब्बा नंबर 34//18-23-13 की पूर्वी ढोल पर रास्ते के साथ स्थाई रूप से चल रहे खाल को आरोपियों द्वारा गिरा दिया गया। उक्त खाल को 3 नवंबर को ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस बल की मौजूदगी में खुलवाया गया था, लेकिन आरोपियों द्वारा 15 नवंबर को उक्त खाल को दोबारा गिरा दिया गया, जिससे प्रार्थी की नहरी सिंचाई बाधित हो गई। इस संबंध में थाना सदर फतेहाबाद में मामला दर्ज किया गया।

# स्कूल सौंदर्यीकरण पुरस्कार योजना में ढूकड़ा स्कूल ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण पुरस्कार योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए किए गए चयनित स्कूलों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, ढूकड़ा ने खंड नाथूसरी चौपटा में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, गांव और पूरे ब्लॉक को गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि पर प्राचार्या मोना पुरी ने विद्यार्थियों, समस्त स्टाफ एवं विद्यालय से जुड़े सभी सहयोगियों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि यह सफलता टीम वर्क, सतत परिश्रम और सकारात्मक सोच का परिणाम है। प्राचार्या ने गांव के सरपंच राजिंद्र ढूकड़ा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय के सौंदर्यीकरण और समग्र विकास में उनका योगदान अनुकरणीय रहा है तथा उन्होंने निस्वार्थ भाव से विद्यालय के लिए अथक परिश्रम किया, जिसके सकारात्मक परिणाम आज सबके सामने हैं।



सिरसा। खंड स्तर पर प्रथम रहा ढूकड़ा स्कूल। *फोटो: हरिभूमि*

### विद्यालय सौंदर्यीकरण सम्मान

प्राचार्या ने कहा कि पंचायत के सभी सदस्यों ने भी स्कूल विकास में रचनात्मक भूमिका निभाई और सभी के सामूहिक परिश्रम के फलस्वरूप विद्यालय परिसर चारों ओर हरियाली से आच्छादित है, सुंदर घास से सजे पार्क, व्यवस्थित खेल मैदान, पुस्तकों से समृद्ध लाइब्रेरी, अत्यंत साफ-सुथरी कक्षाएं, स्वच्छ प्रांगण और प्रेरणादायक दीवारें विद्यालय की पहचान बन चुकी हैं। मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण पुरस्कार योजना के अंतर्गत विद्यालयों का चयन उनकी भौतिक संरचना, स्वच्छता, हरियाली, शैक्षणिक वातावरण और नवाचारों के आधार पर किया जाता है।



सिरसा। अफीम के साथ पकड़े गए आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

### मोटरसाइकिल सवार दो तस्कर गिरफ्तार

**डबवाली।** पुलिस ने संगरिया रोड चौटाला से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को अफीम सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल डबवाली प्रभारी एएसआई रणजोध सिंह ने बताया कि एएसआई गुरसेवक सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त व चेकिंग के दौरान नाका संगरिया रोड, चौटाला पर मौजूद थे। इसी दौरान संगरिया की ओर से एक बाइक आती दिखाई दी जिस पर दो युवक सवार थे। पुलिस पार्टी को सामने खड़ा देखकर दोनों युवक अचानक बाइक वापस मोडऩे की कोशिश करने लगे। पुलिस ने शक के आधार पर दोनों युवकों को मोटरसाइकिल सहित काबू कर तलाशी ली तो उनके कब्जे से 157 ग्राम 880 मिलीग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपियों की पहचान मनोज कुमार पुत्र रामचंद्र निवासी लखुवाली जिला हनुमानगढ़ राजस्थान तथा जोगिंदर सिंह पुत्र जग्गा सिंह निवासी लोंगेवाला जिला हनुमानगढ़ राजस्थान के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ थाना सदर डबवाली में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई गई है।

# मिशन बुनियाद में परीक्षा में 6511 ने विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

हरियाणा सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग एवं विकल्प फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित मिशन बुनियाद के अंतर्गत जिले में लेवल-1 की प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा सिरसा जिले के 22 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न हुई, जिसमें 6511 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बुनियाद के जिला नोडल अधिकारी एवं जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि सभी परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम एक घंटा पूर्व परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित हो गए थे, जिससे विद्यार्थियों की गंभीरता, अनुशासन एवं उत्साह स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि यह प्रवेश परीक्षा प्रदेश के 22 जिलों में स्थापित 256 परीक्षा केंद्रों पर एक साथ आयोजित की गई, जिसके लिए लगभग 97147 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था। डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि मिशन बुनियाद का उद्देश्य राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करना तथा उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण की नींव डालना है।

### इन परीक्षा केंद्रों पर हुई परीक्षा

*रावमावि बप्पा, पीएम श्री रावमावि रोड़ी, रावमावि साहुवाला प्रथम, रामामावि मंडी डबवाली, रामासवमावि अबूबशहर, रावमावि गोरिवाला, रामासवमावि ऐलनाबाद, राकवमावि ऐलनाबाद, पीएम श्री रावमावि भूरटवाला, रामासवमावि नाथूसरी चौपटा, रावमावि गुडियाखेड़ा, रावमावि शेरपुरा, पीएम श्री रावमावि ओढां, रामासवमावि कालांवाली, रामासवमावि रानियां, राकवमावि रानियां, पीएम श्री रावमावि खारिया, पीएम श्री रावमावि बणी, राकवमावि सिरसा, रामासवमावि सिरसा, रावमावि महाबीर दल एवं रावमावि खैरपुर।*

# सरपंच प्रतिनिधि पर हमला करने के मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लाठियां भी बरामद की गई

रास्ता रोककर सरपंच प्रतिनिधि पर जानलेवा हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि 17 नवंबर को गांव बहबलपुर में ढाणी भान सिंह रोड के पास रास्ता रोककर मारपीट करने की गंभीर घटना सामने आई थी।

इस संबंध में घायल सरपंच प्रतिनिधि गुरप्रीत सिंह पुत्र कर्म सिंह, निवासी बहबलपुर के बयान के आधार पर थाना सदर फतेहाबाद में मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार आरोपियों जगशेर सिंह, नवनिन्द्र सिंह, साहब सिंह, सुभाष व अन्य साथियों ने गाडिय़ों से रास्ता रोककर लाठियों व लोहे की रॉड से हमला किया, जिसमें गुरप्रीत सिंह, बगीचा सिंह, गुरमगत सिंह पुत्र जगतार सिंह व गुरमगत सिंह पुत्र पंजाब सिंह को चोटें आईं। मेडिकल रिपोर्ट वा शिकायत के आधार पर मामले में थाना सदर फतेहाबाद में धारा 190, 191, 115(2), 126(2), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। एसएचओ ने बताया कि इस मामले में पहले ही नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब आगे की जांच के दौरान दो और सह-आरोपी बलवान पुत्र देवता राम तथा अजय कुमार पुत्र सुभाष निवासी बहबलपुर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लाठियां भी बरामद की गई हैं।

## नन्हे विद्यार्थियों की मासूम प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भाव-विभोर किया

# क्रेसण्ट स्कूल का मंच बना आस्था का द्वार 'द सेक्रेड सागा मिथिक फिएस्टा'

जन्म सीन, काल भैरव, धरती नृत्य व वराह अवतार ने समां बांधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

क्रेसंट स्कूल में आयोजित 'द सेक्रेड सागा मिथिक फिएस्टा' केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि नन्हें -मुन्ने विद्यार्थियों की मासूम प्रस्तुतियां, भारतीय संस्कृति, भक्ति एवं पौराणिक गाथाओं को सजीव रूप था। कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा छठी के विद्यार्थियों द्वारा की गई सरस्वती वंदना से हुआ। नन्हें स्वरों की गूंज से पूरा सभागार श्रद्धा एवं शांति से भर उठा। जन्म सीन, शैतान नृत्य, काल भैरव नृत्य, धरती नृत्य, देवी-देवता एवं वराह अवतार जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों के मन को भाव-विभोर कर दिया। विष्णु भगत-जग पालन हारे जैसे भक्ति गीतों ने सभी को आध्यात्मिक अनुभूति से जोड़ दिया। यज्ञ सीन एवं रामा रामा रटते भजन ने यह संदेश दिया कि हमारी परंपराएं आज भी उतनी ही जीवंत एवं प्रेरणादायक हैं। कार्यक्रम के अंतिम चरण में प्रस्तुत मदर डांस ने मातृत्व की ममता को मंच पर उतार दिया, तो वहीं होलिका सीन, जल देवता सीन, विष्णु एवं नरसिंह अवतार ने अच्छाई की बुराई पर विजय का सशक्त संदेश दिया।





फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।




### संस्कृति बोलती, बच्चों का मंच

प्रधानाचार्या रितु सिंधु एवं प्रबंधन समिति ने उपस्थित विशिष्ट अतिथि गण एवं अभिभावकगण का आभार व्यक्त किया तथा साथ ही विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के भीतर संस्कार, आत्मबल एवं सांस्कृतिक चेतना का बीजारोपण करते हैं। उन्होंने कहा कि निस्संदेह यह, 'द सेक्रेड सागा मिथिक फिएस्टा' एक ऐसा आयोजन बन गया, जिसने हर हृदय को छूते हुए व हर मन को जोड़ते हुए यह सिद्ध कर दिया कि जब बच्चे मंच पर होते हैं, तो संस्कृति स्वयं बोल उठती है।



# राम गोपाल वर्मा ने धुरंधर की तारीफों के बांधे पुल

**मुंबई।** फिल्म निर्माता और निर्देशक राम गोपाल वर्मा ने एक बार फिर से निर्देशक आदित्य धर और उनकी इस साल की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर' की तारीफों के पुल बांधे। अपनी 10वीं पोस्ट में वर्मा ने आदित्य की तुलना दिग्गज अमेरिकी फिल्म निर्माता फ्रांसिस फोर्ड कोपोला के काम से की। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'कोपोला से आदित्य धर तक- एक निर्देशक का विकास सिर्फ पहले आए निर्देशकों से सीखकर नहीं होता, बल्कि बाद में आने वाले निर्देशकों से भी होता है। इसी तरह, आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' से मुझे कुछ नई बातें सीखने को मिलीं।' राम गोपाल वर्मा ने आगे कोपाला की तारीफ में लिखा, 'कोपोला से मैंने गहरा और रहस्यमय ड्रामा सीखा, जिसे मैंने सत्या, कंपनी, सरकार जैसी अपनी फिल्मों में इस्तेमाल करने की कोशिश की। लेकिन, धुरंधर दिखाता है कि यह तरीका बड़े स्तर पर और ज्यादा प्रभावी हो सकता है। ऐसे सीन लिखना, जहां दर्शक समझने से पहले ही सब कुछ महसूस कर लें, यह एक नया तरीका है। राम गोपाल वर्मा ने आगे लिखा, 'मैं मुख्यधारा के भारतीय निर्देशकों में से पहला था, जिसने हीरो को ज्यादा बढ़ा चढ़ाकर दिखाने से मना किया।

लाइफ Style

# जान्हवी
## मॉब लिंचिंग पर फूटा गुस्सा



एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दीपू चंद दास की मॉब लिंचिंग का जिक्र करते हुए इसे 'कत्लेआम' करार दिया। जान्हवी कपूर ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह इस मुद्दे पर जानकारी लें, सवाल उठाएं और सांप्रदायिक भेदभाव का विरोध करें।

एजेंसी ⏭ मुंबई

जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अंग्रेजी में पोस्ट किया। उसमें लिखा, 'दीपू चंद्र दास... यह कत्लेआम है और यह कोई अकेली घटना नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि अगर इन सबके बाद भी गुस्सा नहीं आता तो यह गलत और दोहरा व्यवहार है जो सबके लिए खतरनाक है। उन्होंने लिखा, 'बांग्लादेश में जो हो रहा है, वह देखकर अगर आपको गुस्सा नहीं आ रहा तो यह दोहरा व्यवहार है, जो हम सबको खत्म कर देगा। हम दुनिया के दूसरे कोने में किसी घटना पर दुख जताते हैं। हम दूर की घटनाओं पर रोते हैं, लेकिन अपने भाई-बहनों को जलते देखते रहते हैं।' जान्हवी ने स्पष्ट रूप से सांप्रदायिक कट्टरपंथ की निंदा की और अपनी बात रखते हुए आगे लिखा, 'किसी भी तरह का सांप्रदायिक भेदभाव और कट्टरपंथ, चाहे हम पीड़ित हों या आरोपी, हमें अपनी इंसानियत भूलने से पहले इसकी बुराई करनी चाहिए। हम मोहरे हैं जो मानते हैं कि हम एक अनदेखी लाइन के दोनों तरफ हैं। इसे पहचानें और खुद को जानकारी से लैस करें ताकि आप उन बेगुनाह लोगों के लिए खड़े हो सकें जो इस सांप्रदायिकता में अपनी जिंदगी खोते जा रहे हैं और इससे डरे हुए हैं।' बता दें कि बांग्लादेश में 27 साल के हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की भीड़ ने कथित ईशनिंदा के आरोप में बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी और शव को आग लगा दी थी।

हॉलीवुड मसाला



# सौतेली मां पेगी डिकैप्रियो पहनती हैं पगड़ी

**लॉस एंजिल्स।** 'टाइटैनिक' एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो का भारत से भी एक गहरा कनेक्शन है। लियोनार्डो डिकैप्रियो ने अपने एक इंटरव्यू में अपने परिवार के बारे में बात की थी और बताया था कि उनकी सौतेली मां सिख हैं। मेरे पिता हिप्पी काउंटर कल्चर से आते हैं और उनका पालन-पोषण सैन फ्रांसिस्को और लॉस एंजिल्स में हुआ। वे 70 के दशक के लॉस एंजिल्स में अंडरग्राउंड आर्ट मूवमेंट से जुड़े कई लोगों के साथ समय बिताते थे।' उनकी सौतेली मां, पेगी डिकैप्रियो अमृतधारी सिख हैं। पेगी डिकैप्रियो पगड़ी पहनती हैं और अक्सर पारंपरिक भारतीय कपड़ों में नजर आती हैं। खबरों के मुताबिक, उन्होंने कई साल पहले इस सम्प्रदाय को अपनाया था, लेकिन पगड़ी पहनना उन्होंने कुछ ही साल पहले शुरू किया।




# 'अवतार 3' बनी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली विदेशी फिल्म

**मुंबई।** जेम्स कैमरून के निर्देशन में बनी फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' भारत में इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इसने यह कामयाबी सिर्फ सात दिनों में हासिल की है। 'अवतार 3' ने हॉलीवुड फिल्म 'एफ1' के लाइफटाइम इंडिया कलेक्शन को पीछे छोड़कर इस साल विदेशी फिल्मों में पहला स्थान प्राप्त कर लिया है। 'अवतारः फायर एंड ऐश' ने अब तक 111.07 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। वहीं, इस साल रिलीज हुई ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' ने भारत के बॉक्स ऑफिस पर कुल 105.07 करोड़ रुपए कमाए थे। 'अवतार 3' से पहले कमाई के मामले में 'एफ1' टॉप पर थी। 'अवतार' फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। इस फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 19 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। बताया जाता है कि इन दिनों सिनेमाघरों में फिल्म 'धुरंधर' चल रही है, जिसकी वजह से 'अवतार 3' को कम दर्शक मिल रहे हैं। 'धुरंधर' की लहर के बावजूद उम्मीद है कि 'अवतार 3' की कमाई दूसरे हफ्ते में 200 करोड़ रुपए के करीब पहुंच सकती है।



# समांथा ने शेयर की भूत शुद्धि विवाह की तस्वीरें

**नई दिल्ली।** साउथ की स्टार समांथा रुथ प्रभु की फैन फॉलोइंग बहुत तगड़ी है। फैंस उन्हें बहुत पसंद करते हैं और उनकी पर्सनल लाइफ के बारे में सब जानना चाहते हैं। समांथा के लिए साल 2025 बहुत खास रहा है। अपने प्रोडक्शन हाउस से लेकर शादी करने तक समांथा की लाइफ में इस साल बहुत कुछ हुआ है। समांथा ने सोशल मीडिया पर अपनी लाइफ की 15 खास तस्वीरें शेयर की हैं। जिसे देखकर हर कोई अंदाजा लगा रहा है कि ये साल समांथा के लिए कितना खास रहा है। समांथा ने क्रिसमस की शादी को अपने बिजी साल की फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में सामंथा की शादी की अनदेखी तस्वीरें हैं। जिसमें वो दुल्हन के जोड़े में पति राज के साथ बैठी नजर आ रही हैं। एक में शरारती चेहरा बना रही हैं। समांथा की मेहंदी से लेकर क्रिसमस तक की झलक उनकी फोटोज में देखने को मिली है।



# दायरा की शूटिंग पूरी अगले साल होगी रिलीज

**मुंबई।** निर्देशक मेघना गुलजार की नई क्राइम थ्रिलर फिल्म 'दायरा' की शूटिंग को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है। जिसे खुद इस फिल्म के एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'दायरा' की निर्देशक मेघना गुलजार और अभिनेत्री करीना कपूर खान सहित एक खास तस्वीर शेयर की है। यह तस्वीर इसलिए खास है ,क्योंकि यह 'दायरा' के सेट से है। पृथ्वीराज ने इस शानदार तस्वीर को शेयर किया और कैप्शन में लिखा, दायरा की शूटिंग पूरी हो चुकी है। सेट की कहानी जल्द ही दुनिया भर के दर्शकों के लिए 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित फिल्म 'दायरा' की शूटिंग अब खत्म हो चुकी है। जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियोज द्वारा निर्मित यह फिल्म अब पोस्ट-प्रोडक्शन में है।

टीवी मसाला



# टीआरपी रेटिंग में पहले नंबर पर क्योंकि..2 और अनुपमा

**नई दिल्ली।** 50वें हफ्ते की टीआरपी को देखकर फैंस जरूर सरप्राइज हो जाएंगे। इस लिस्ट में इस बार नंबर पर एक ही शो है, लेकिन रेटिंग के मामले में दो टीवी शोज बराबर पर हैं। इस बार पहले नंबर पर दो शोज हैं- 'अनुपमा' और 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2'। वैसे देखा जाए तो ये दोनों ही शोज दर्शकों के पसंदीदा टीवी सीरियल्स में से टॉप पर रहते हैं। 50वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' को नंबर वन और 'अनुपमा' को दूसरा स्थान मिला है। लेकिन, रेटिंग के मामले में दोनों को 2.0 की रेटिंग मिली है। इस बार तीसरे नंबर पर टीवी सीरियल 'तुम से तुम तक' ने अपनी जगह बना ली है। इस बार 'तुम से तुम तक' को 1.9 की रेंटिंग मिली है। वहीं, इससे पहले 49वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में यह सीरियल पांचवें स्थान पर था। लेकिन, रेटिंग के मामले में दोनों हफ्ते बराबर हैं। इस बार चौथे नंबर पर टीवी शो 'वसुधा' ने अपनी जगह बना ली है। इस सीरियल को 1.9 की रेटिंग मिली है। जबकि पिछली बार 49वें हफ्ते की लिस्ट में 'वसुधा' सीरियल टॉप पांच की लिस्ट में शामिल ही नहीं था। इस बार पांचवे स्थान पर टीवी सीरियल 'गंगा मां की बेटियां' को जगह मिली है। इस सीरियल को इस बार 1.8 की रेटिंग मिली है। यह सीरियल भी 'वसुधा' की तरह पिछली टीआरपी रेटिंग लिस्ट में शामिल नहीं था।

## डिसऑर्डर से जूझ रही हैं नेहा

**नई दिल्ली।** सिंगर और एक्स बिग बॉस कंटेस्टेंट नेहा भसीन ने बताया था कि उन्होंने 2003 में अपना कॅरियर शुरू किया था और 2007 से ही उन्हें फैट बर्नर दिए जाने लगे थे, बिना यह सोचे कि उस कम उम्र में उन पर क्या प्रभाव पड़ेगा। वहीं, नेहा ने साल 2024 में खुलासा किया था कि वह अभी प्रीमेंस्ट्रुअल डिस्फोरिक डिसऑर्डर से जूझ रही हैं। वह टीनएज से इसका सामना कर रही हैं। नेहा भसीन के कॅरियर और स्ट्रगल की बात करें, तो 42 वर्षीय सिंगर एक परफॉर्मर भी हैं और खुद ही अपने गाने भी लिखती हैं। वह 9 साल की उम्र से गाने गा रही हैं और कई म्यूजिक वीडियोज कर चुकी हैं। हालांकि, 20 साल की उम्र में नेहा भसीन ने सुसाइड की कोशिश की थी। उन्होंने इसकी वजह भी बताई थी। नेहा भसीन ने भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में बताया था कि जब वजन 50 किलो था, तो भी उन्हें बॉडीशेम किया गया था। टीवी की स्क्रीन पर उनके पेट पर घेरा बनाकर दिखाया गया था कि उनका फैट बहुत ज्यादा है, तो इसलिए उनका म्यूजिक वीडियो रिलीज नहीं किया जा सकता।



# भारत में कई हॉलीवुड सेलेब्स ने चलाया अपना जादू

**मुंबई।** साल 2025 में भारत में कई बड़े इवेंट्स देखने को मिले। म्यूजिक कॉन्सर्ट हुए, महाकुंभ जैसा भव्य आयोजन हुआ। इन मौकों पर कई हॉलीवुड सेलेब्स भी चर्चा का विषय बने। भारतीय दर्शकों के बीच इंडियन सिनेमा से जुड़े एक्टर्स, सिंगर को लेकर जितना क्रेज है, उतना ही क्रेज हॉलीवुड सेलेब्स को लेकर भी देखा जाता है। साल 2025 में कई हॉलीवुड सेलेब्स अलग-अलग वजहों से भारत आए। कुछ सेलेब्स की तो काफी चर्चा रही।

### उदयपुर की शादी में जेनिफर ने किया परफॉर्म

हॉलीवुड की मशहूर सिंगर जेनिफर लोपेज को हाल ही में भारत में देखा गया। वह एक अमेरिकी अरबपति की बेटी (नेत्रा मंटेना) की शादी में परफॉर्म करने लिए उदयपुर आई थीं। उनकी डांस, सिंगिंग परफॉर्मेंस सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुईं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस परफॉर्मेंस के लिए जेनिफर लोपेज ने लगभग 18 करोड़ रुपए चार्ज किए थे।



### एड शीरन ने अरिजीत संग गाया सफायर सॉन्ग

*ब्रिटिश सिंगर एड शीरन इस साल दो बार भारत में चर्चा में रहे। साल की शुरुआत में उन्होंने 'मैथमेटिक्स टूर' नाम का म्यूजिक कॉन्सर्ट किया। इस म्यूजिक कॉन्सर्ट को खूब पसंद किया गया। वहीं, इसी साल एड शीरन ने एक गाना सफायर लॉन्च किया, इसमें अरिजीत सिंह ने उनके साथ गाना गया। इंग्लिश गाने में अरिजीत ने पंजाबी और हिंदी में गाना गाया था। गाने में शाहरुख खान भी दिखे। साथ ही इस गाने में भारत की शानदार झलक भी सिंगर एड शीरन ने दिखाई।*

### एकॉन ने किया म्यूजिक टूर, सिंगर संग हुई बदसलूकी

शाहरुख खान की फिल्म 'रा-वन' में 'छम्मक छल्लो'गाना गाकर भारतीय दर्शकों के बीच पॉपुलर हुए थे अमेरिकी सिंगर एकॉन। नवंबर महीने में उन्होंने 'इंडिया टूर 2025' नाम का म्यूजिक कॉन्सर्ट किया। उनके कई गाने भारतीयों को पसंद है, इसमें स्मैक दैट और लोनली जैसे गाने सबसे ज्यादा पॉपुलर रहे हैं। एकॉन ने दिल्ली, बेंगलुरू और मुंबई में परफॉर्म किया। लेकिन, बेंगलुरू में हुए कॉन्सर्ट के दौरान इस सिंगर के साथ बदसलूकी भी हुई। कुछ लोगों ने उनकी पैंट खींची, इससे वह असहज हो गए।

# गर्लफ्रेंड गौरी के साथ नए साल के वेकेशन पर निकले आमिर

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार आमिर खान अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट, भतीजे इमरान खान और परिवार के बाकी सदस्यों के साथ आज मुंबई एयरपोर्ट पर दिखाई दिए। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आमिर परिवार समेत नए साल की छुट्टियां मनाने मुंबई एयरपोर्ट से रवाना हुए। इस वीडियो में आमिर खान इमरान खान के साथ नजर आ रहे हैं। इमरान ने एयरपोर्ट में एंट्री से पहले चाचा के साथ फोटो खिंचवाईं। आमिर कैजुअल कपड़ों में दिखाई दिए। उन्होंने पफ जैकेट पहनी हुई है, जिससे लग रहा था कि परिवार किसी ठंडी जगह (हिल स्टेशन) जा रहा है।



### दादासाहेब फाल्के की बायोपिक पर चल रहा काम

*गौरी स्प्रैट अपने बेटे के साथ एयरपोर्ट पर आमिर के साथ दिखाई दीं। आमिर की दोनों पूर्व पत्नियां रीना दत्ता और किरण राव से अच्छे संबंध हैं। रीना से शादी 1986 से 2002 तक चली। वे बचपन के दोस्त थे। रीना से उनके दो बच्चे हैं- जुनैद खान और इरा खान। किरण राव से 2005 में शादी हुई और 2021 में अलग हो गए। किरण से उनका बेटा आजाद है। आमिर की आने वाली फिल्मों में सनी देओल वाली 'लाहोर 1947' का निर्माण शामिल है। कथित तौर पर '3 इडियट्स' का सीक्वल भी बन सकता है। साथ ही दादासाहेब फाल्के की बायोपिक पर काम चल रहा है।*

## किसी के तथ्यों पर सवाल उठे, किसी पर समुदाय को लेकर हुए विरोध

# इस साल इन फिल्मों पर रहा विवाद, जमकर हुआ हंगामा

एजेंसी ⏭ मुंबई

सिनेमा के लिहाज से साल 2025 काफी खास रहा है। बॉलीवुड में कई शानदार फिल्में रिलीज हुईं। रोमांटिक ड्रामा से लेकर ऐतिहासिक और एक्शन तक, अलग-अलग तरह की फिल्मों का जादू दर्शकों पर चला। मगर, कुछ फिल्में ऐसी भी रहीं, जिन्हें लेकर विवाद हुए। कुछ पर तो रिलीज से पहले जमकर हंगामा हुआ। किसी के तथ्यों पर सवाल उठे, किसी पर समुदाय को लेकर विरोध हुए।

### छावा

विक्की कौशल अभिनीत फिल्म 'छावा' बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। यह 14 फरवरी 2025 को रिलीज हुई। इस फिल्म की खूब तारीफ हुई। मगर जब इसका ट्रेलर रिलीज हुआ था तो कुछ सीन के विरोध में कई जगह विरोध प्रदर्शन हुए। खासकर संभाजी महाराज के डांस सीन दर्शकों को पसंद नहीं आए, जिनमें निर्माताओं को बदलाव करने पड़े।

### उदयपुर फाइल्स

फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' इस साल अगस्त में रिलीज हुई। यह फिल्म कथित तौर पर साल 2022 की कन्हैयालाल हत्याकांड पर आधारित थी। इसे लेकर काफी विवाद हुए। इस फिल्म पर फरत फैलाने और एक समुदाय विशेष को गलत दिखाने जैसे आरोप लगे। इसकी रिलीज पर दिल्ली हाईकोर्ट ने रोक लगाई, लेकिन कानूनी लड़ाई के बाद रिलीज हुई। सेंसर बोर्ड ने इसके कई सीन्स हटाए थे।



### द ताज स्टोरी

परेश रावल अभिनीत इस फिल्म ने इस साल अक्तूबर में सिनेमाघरों में दस्तक दी थी। इसकी रिलीज से पहले इसे लेकर खूब विरोध प्रदर्शन हुए। इसके तथ्यों पर सवाल उठाए गए। फिल्म पर आरोप लगे कि इसमें गलत जानकारी फैलाकर समाज में तनाव पैदा कर सकती है। इसके खिलाफ कोर्ट में कई याचिकाएं दायर हुई थीं।

### द बंगाल फाइल्स

विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में बनी इस फिल्म को लेकर खूब विवाद हुए। इस फिल्म के ट्रेलर रिलीज के दौरान तो जमकर हंगामा हुआ था। यह फिल्म 05 सितंबर 2025 को रिलीज हुई। यह 1946 की हिंसा पर आधारित है। इसे लेकर मेकर्स पर पॉलिटिकल एजेंडा फैलाने के आरोप लगे। पश्चिम बंगाल में इसकी रिलीज पर रोक लगी और कई जगह विरोध प्रदर्शन हुए।




### इमरजेंसी

इस साल 17 जनवरी को कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' रिलीज हुई। इसमें अभिनेत्री और भाजपा सांसद पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की भूमिका में दिखीं। उनकी इस फिल्म पर काफी विवाद हुआ। इस फिल्म के निर्देशन की कमान खुद कंगना ने संभाली। यह फिल्म 1975 में लगे आपातकाल पर आधारित थी। फिल्म पर ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर दिखाने के आरोप लगे। सिख संगठनों ने समुदाय की गलत छवि दिखाने का दावा किया। जनवरी में आने से पहले 'इमरजेंसी' की रिलीज कई बार टली थी।

### जाट

अभिनेता सनी देओल और रणदीप हुड्डा की 'जाट' इस साल अप्रैल में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के एक चर्च सीन को लेकर ईसाई समुदाय ने नाराजगी जाहिर की थी। फिल्म पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगा। शिकायत दर्ज हुई और विरोध के बाद मेकर्स ने विवादित सीन हटा दिया।

### फुले

इस फिल्म में प्रतीक गांधी और पत्रलेखा लीड रोल में नजर आए। फिल्म 25 अप्रैल को थिएटर्स में लगी थी। ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले की बायोपिक में ब्राह्मण समुदाय को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगा। कई जगह ब्राह्मण संगठनों ने विरोध किया। इस फिल्म की रिलीज टली और सेंसर बोर्ड ने कई कट्स लगाए। इसके बाद रिलीज को हरी झंडी मिली।

## खबर संक्षेप

### सुथार को सुरभि आर्ट सोसायटी ने दी श्रद्धांजलि

**हिसार।** वरिष्ठ शिल्पकार पदम विभूषण श्रीराम वनजी सुथार के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सुरभि आर्ट सोसायटी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। सुरभि कला केंद्र के सभागार में आयोजित शोक सभा के दौरान श्रीराम वनजी सुथार के कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। प्रसिद्ध चित्रकार राजेश जांगड़ा ने बताया कि श्रीराम वनजी सुथार ने ऐतिहासिक मूर्तियों का निर्माण करके खूब नाम कमाया।

### नवनिर्मित सड़कों का मेयर ने किया निरीक्षण

**हिसार।** मेयर प्रवीण पोपली ने वार्ड 16 में स्थित पटेल नगर 8 मरला कॉलोनी में नवनिर्मित आरसीसी सड़कों व चारों धाम पार्क का निरीक्षण किया। मेयर पोपली सरकारी गाड़ी की बजाय स्कूटी पर निरीक्षण करने पहुंचे। इस मौके उनके साथ पार्षद राजेन्द्र बिड़लान भी थे। मेयर प्रवीण पोपली का आठ मरला कालोनी में पहुंचने पर लोगों ने स्वागत करते हुए पार्क के विकास के लिए समस्याएं रखी।

### नगर निगम ने काटे 13 चालान, दी हिदायतें

**हिसार।** स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को एएसआई विजेता ने रेड स्क्वेयर मार्केट व रेलवे स्टेशन क्षेत्र में 8 व्यक्तियों ने खुले में कचरा डालते हुए मिले जिनका चालान किया गया। डाबड़ा चौक पुल के नीचे खुले में कचरा डालते हुए मिला जिसका चालान किया गया। एएसआई कपिल ने बालसमंद रोड पर 3 व्यक्तियों ने खुले में मीट बेचने व एक व्यक्ति ने सड़क पर कचरा डालते पाए जाने पर 1700 रुपये का चालान काटा।

### 20 बेसहारा पशुओं भेजा गो-अभ्यारण

**हिसार।** नगर निगम की ओर बेसहारा पशुओं को पकड़े जाने का अभियान लगातार जारी है। अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा रहे। एएसआई संदीप बिश्नोई ने बताया कि निगम की टीम ने शुक्रवार को सेक्टर 1-4, सूर्य नगर, महाबीर कॉलोनी के आस-पास के क्षेत्र से 20 बेसहारा पशुओं को पकड़ाकर गो-अभ्यारण भेजा गया। बेसहारा पशु पकड़ने वाली टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम मौजूद रही।

### ग्रामीणों ने प्रशासन व जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ किया प्रदर्शन

# सीवरेज पानी की निकासी की मांग को लेकर उमरा रोड फ्लाईओवर किया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

उमरा रोड़ स्थित प्रेमनगर गांव के लोगों ने शुक्रवार दोपहर गलियों में जमा सीवरेज के गंदे पानी तथा सीवरेज का पानी मिक्स होकर आ रही पेयजल सप्लाई की समस्या को दुरुस्त करने की मांग को फ्लाईओवर पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन व जनस्वास्थ्य विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। लोगों द्वारा उमरा रोड़ फ्लाईओवर पर जाम लगाएं जाने के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी लाइनें लग गई जिसके चलते राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

■ विभाग के अधिकारियों के आश्वासन पर सड़क से हटे लोग

#### थाना प्रभारी के समझने पर नहीं माने ग्रामीण

सड़क मार्ग जाम किए जाने की सूचना मिलने पर शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सरबजीत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जाम लगा रहे लोगों को समझा बुझाकर कर जाम खुलवाने का प्रयास किया लेकिन लोगों ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाने तथा गलियां में खड़े सीवरेज के गंदे पानी की निकासी व पेयजल सप्लाई में आ रहे दूषित पानी की समस्या को ठीक नहीं किए जाने तक जाम खोलने से मना कर दिया।



हांसी। गलियों में जमा सीवरेज के गंदे पानी की निकासी को लेकर सड़क जाम करते ग्रामीण व फ्लाईओवर पर खड़े वाहन। फोटो : हरिभूमि

#### बच्चे गंदे पानी से होकर जाते स्कूल

सड़क पर जाम लगा रहे लोगों का कहना था कि जब से उनके गांव में सीवरेज लाइन बिछाई गई है तब से उनकी गलियों में सीवरेज का गंदा पानी इतना ज्यादा भरा हुआ है। महिलाओं और स्कूल जाने वाले वाले बच्चों को गंदे पानी के अंदर से जाना पड़ता है जिसके चलते गांव के अधिकांश बच्चे व महिलाएं चर्म रोग की शिकार हो चुकी हैं।

#### विरोध पर ठीक नहीं किया लेवल

लोगों का कहना था कि विरोध के बावजूद ठेकेदार ने उनके गांव में बिना लेवल के सीवरेज लाइन डाल दी गई जिसके चलते गांव की गलियां सीवरेज के गंदे पानी से भरी हुई है और थोड़ी सी बरसात के बाद यही गंदा पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि गलियों में जमा सीवर का गंदा पानी अब उनके घरों में आने वाले वाटर सप्लाई के पानी में मिक्स होकर आने लगा है जिसके चलते उनका यहां जीना दूभर हो गया है।

#### छह महीने से काट रहे अधिकारियों के चक्कर

प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि जब से गांव में सीवर लाइन बिछाई गई है उसके बाद से वे लगातार जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी समस्या के समाधान की बजाय लगातार आश्वासन देकर टरकाते आ रहे हैं। लोगों का कहना था कि जब उनका घरों के अंदर भी जीना दूभर हो गया तो उन्हें मजबूरन सड़क पर आना पड़ा है और अब जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं किया जाएगा तब तक वो सड़क जाम नहीं खोलेंगे।

#### अधिकारी के आश्वासन पर खोला जाम

पुलिस द्वारा काफी समझाएं जाने के बाद भी जब ग्रामीणों ने जाम नहीं खोला तो पुलिस अधिकारियों ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया। लेकिन अधिकांश अधिकारियों के नारनौंद के राखी गढ़ी में सीएम के कार्यक्रम चलते वहां होने के कारण जनस्वास्थ्य विभाग के कनिष्ठ अभियंता विक्रम सिंह मौके पर पहुंचे और उन्हें लोगों को टैंकरों की मदद से गलियों में खड़े पानी को जल्द निकलवाने तथा उसके बाद समस्या का स्थाई समाधान करवाने का आश्वासन दिया। जेई विक्रम सिंह से मिले आश्वासन पर लोगों ने यह कहते हुए जाम खोल दिया कि यदि 15 दिन में समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया गया तो वे दोबारा सड़क जाम करने से गुरेज नहीं करेंगे।



हांसी। बंगलादेश में हिन्दुओं की सुरक्षा को लेकर प्रदर्शन करते आर्य समाज के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में आक्रोश यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के विरुद्ध हो रहे कथित अत्याचारों और मानवाधिकार हनन के विरोध में आर्य समाज सभा द्वारा शुक्रवार को शहर में आक्रोश यात्रा निकाली गई। यात्रा आर्य समाज मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख बाजारों से होते हुए शहीद स्मारक तक पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने देश की राष्ट्रपति के नाम एसडीएम हांसी को ज्ञापन सौंपा। आक्रोश यात्रा के दौरान हाथों में तख्तियां और बैनर लिए सैकड़ों लोगों ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार और अंतरराष्ट्रीय मंचों से इस विषय में कड़ा संज्ञान लेने की अपील की।

#### यह रहे मौजूद

आर्य समाज के मीडिया प्रभारी विजेंद्र सिंह प्रजापति ने बताया कि इस आक्रोश यात्रा में सामाजिक, धार्मिक और राष्ट्रवादी विचारधारा से जुड़े अनेक संगठनों ने सहभागिता की। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले केवल एक देश का आंतरिक मामला नहीं, बल्कि मानवता और धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। यात्रा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

इस मौके पर प्रविंद लोहान, सत्यपाल मलिक, संजय कमांडो, देवेंद्र मेहता, अनिल चावला, राकेश सैनी, जयभगवान सैनी, रामावतार आर्य, कर्मवीर शास्त्री, सतबीर चौहान, सुभाष सिंधु, जसवंत जाखड़, परवीन सैनी आदि सहित काफी संख्या शहरवासी मौजूद रहे।

*छात्राओं ने लक्ष्य गीत गाकर से अनुशासन एवं आत्मबल का संदेश दिया*

## स्वयंसेवियों ने श्रमदान के तहत चलाया सफाई अभियान

■ श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहा सात दिवसीय एनएसएस शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत प्रातः कालीन ध्यान योग एवं प्रार्थना सभा से की गई। छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ लक्ष्य गीत गा कर अनुशासन एवं आत्मबल का संदेश दिया। इसके उपरांत श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता के महत्व को समझते हुए छात्राओं ने समाज में स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान स्वयं सेविकाओं ने सांस्कृतिक गतिविधियां भी प्रस्तुत की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रमता रानी ने एनएसएस के उद्देश्य, सामाजिक जिम्मेदारियों, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जानकारी दी। विद्यालय प्राचार्या रेणु बंसल ने एनएसएस स्वयं सेविकाओं के उत्साह व समर्पण की सराहना की। इस प्रकार के शिविर छात्राओं के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



हांसी। एनएसएस शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं स्वयं सेविकाएं।

### त्याग की मिसाल बने साहिबजादों को की श्रद्धांजलि अर्पित


## बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में मनाया वीर बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों की शौर्य गाथा को समर्पित वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में 20 से 26 दिसंबर तक शहीदी सप्ताह के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में विशेष कार्यकर्मों का आयोजन किया गया जिसमे विद्यार्थियों ने चारों साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह के अदम्य साहस त्याग और बलिदान पर आधारित कविताएं, भाषण, निबंध लेखन, वाद-विवाद व कहानी आदि प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

विद्यालय प्रधानाचार्या लवली चावला व एकेडमिक कोर्डिनेटर पवन रावल ने गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों को याद करते हुए विद्यार्थियों को उनकी शहादत से अवगत करवाया।



हांसी। वीर बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### श्री कृष्णा प्रणामी स्कूल में श्रद्धा के साथ मनाया वीर बाल दिवस




**हांसी।** श्री कृष्णा प्रणामी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को गुरु गोविन्द सिंह जी के साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेहसिंह की वीरता और बलिदान की स्मृति में श्रद्धा व उल्लास के साथ वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा के दौरान 9वीं से बारहवीं कक्षा की छात्राओं ने मिलकर वाटा लमिया ते रस्ता पहाड़ दा गीत द्वारा साहिबजादों की वीर गाथा का स्मरण कराया। स्कूल प्राचार्य अनिल कुमार और मुख्याध्यापिका पिंकी यादव ने साहिबजादों की वीरता को नमन करते हुए कहा कि गुरु गोविन्द सिंह के साहिबजादों की वीरता और बलिदान हम सभी के लिए स्मरणीय एवं प्रेरणादायक है। स्कूल चेयरमैन राजपाल यादव व सचिव सत्यवान यादव ने भी साहिबजादों की वीरता एवं बलिदान को नमन किया।



### रेलवे प्रशासन के खिलाफ नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन का जोदार प्रदर्शन

**उकलाना।** रेलवे स्टेशन पर नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन (एनआरएमयू) धुरी शाखा की छठी शाखा परिषद मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हरि भजन लूना ने की। इस दौरान रेलवे प्रशासन के कथित तानाशाही रवैये के खिलाफ कर्मचारियों ने जमकर नारेबाजी की और रोष व्यक्त किया। बैठक का मुख्य मुद्दा सीनियर डीएमई (सीएंडडब्ल्यू) अंबाला लवप्रीत सिंह द्वारा खानआलमपुरा यार्ड के चार कर्मचारियों विशाल कुमार, सुशील कुमार, नवीन कुमार और अमीर खान का 16 दिसंबर को किया गया स्थानांतरण रहा। यूनियन का आरोप है कि एक कर्मचारी का कालका तथा तीन कर्मचारियों का बठिंडा तबादला पूरी तरह नाजायज है। इस स्थानांतरण के विरोध में खानआलमपुरा स्टेशन पर 17 दिसंबर से लगातार धरना-प्रदर्शन जारी है। 26 दिसंबर को डीआरएम अंबाला के साथ हुई बैठक में भी कोई समाधान नहीं निकल पाया, जिससे कर्मचारियों में आक्रोश और बढ़ गया। बैठक में शाखा प्रधान सौम्यो गुप्ता, सहायक सचिव कृष्ण लाल सैनी, मंडल उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया।

## आरपीएस स्कूल में सफर-ए-शहादत पर शहीदी व बाल वीर दिवस का आयोजन

**हांसी।** आरपीएस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को सफर-ए-शहादत कार्यक्रम के अंतर्गत शहीदी दिवस एवं वीर बाल दिवस का श्रद्धा, सम्मान और देशभक्ति के वातावरण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को तिरंगे और देशभक्ति संदेशों से सजाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश के अमर शहीदों के साथ-साथ वीर बालकों के साहस, त्याग और बलिदान से परिचित कराना तथा उनमें राष्ट्रप्रेम की भावना को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम में नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, कविता पाठ और लघु नाटिकाओं के माध्यम से शहीदों एवं बाल वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में शहीदों और बाल वीरों की वीरगाथाओं को दर्शाती आकर्षक झांकियां भी निकाली गईं, जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रही।

■ विद्यालय परिसर को तिरंगे और देशभक्ति संदेशों से सजाया गया



हांसी। वीर बाल दिवस पर बाल वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करते नन्हे मुन्ने बच्चे। फोटो : हरिभूमि

इस अवसर प्रधानाचार्या एकता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को शहीदों और वीर बालकों के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने आचरण में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और देशसेवा की भावना को अपनाना चाहिए। विद्यालय प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप देशवाल ने कार्यक्रम की खूब सराहना की।

### अग्रवाल महिला विकास समिति ने धूमधाम से मनाया तुलसी पूजन दिवस



**हिसार।** अग्रवाल महिला विकास समिति की ओर से भारत माता मंदिर में तुलसी पूजन दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सवा सौ महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर तुलसी मां को बहुत सुंदर ढंग से सजाकर पूजा-अर्चना की गई। भजन गायिका कमल अग्रवाल कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रही। उन्होंने भजनों के माध्यम से जहां तुलसी मैया का गुणगान किया, वहीं देवी-देवताओं की महिमा सुनाकर भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष अनुपमा अग्रवाल ने सनातन संस्कृति में मां तुलसी के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को रोचक बनाते हुए तुलसी पर आधारित विशेष तंबोला का आयोजन किया गया। इसके साथ ही ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी भी करवाई गई। सभी विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरित किया गया।

**जागरूक** | आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अग्रोहा में कार्यक्रम आयोजित

*प्रशिक्षण में कुल 117 मुख्य प्रशिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया*

## निपुण भारत मिशन के तहत मुख्य प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान कार्यक्रम को प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से आरोही मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अग्रोहा में आयोजित तीन दिवसीय मुख्य प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में हिसार, सिरसा एवं फतेहाबाद जिलों से कुल 117 मुख्य प्रशिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राम रतन ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक स्तर पर बच्चों के सीखने के स्तर को गहराई से समझते हुए फाउंडेशनल लर्निंग स्टडी के निष्कर्षों के आधार पर भाषा एवं गणित की बुनियादी दक्षताओं को कक्षा स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने की समझ विकसित करना था।



हिसार। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते शिक्षा अधिकारी।

#### मौके पर यह रहे मौजूद

प्रशिक्षण सत्रों में यह भी रेखांकित किया गया कि बुनियादी स्तर पर निर्धारित दक्षताओं में निपुणता बच्चों के समग्र शैक्षिक विकास की मजबूत नींव तैयार करती है, जो आगे की शिक्षा में उनकी सफलता सुनिश्चित करती है। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में राजेश टंडन, कविता जांगड़ा, मनोज त्यागी, मनोज, अनीता शर्मा, निशिम नागर एवं विजय कुमार ने विभिन्न सत्रों का कुशल संचालन किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी अमनदीप, विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार, जिला एफएलएन समन्वयक प्रमोद कुमार, एसपीआईयू सदस्य निशा, लैंग्वेज लर्निंग फाउंडेशन से राजू लाल, अनिल, जयबीर, आरती, बिन्नी, किरण केशर, जनकराज, राजेश सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं संदीप कुमार सुपुत्र श्री रमेश कुमार निवासी 1018, सैक्टर 3, फतेहाबाद तहसील व जिला फतेहाबाद ब्यान करता हूं कि मेरे पास एक प्लाट नं. 148 जिसका अलाटमेंट नं. 1012/ दिनांक 23/03/2019 का मालिक वा काबिज हूं। यह प्लाट मैंने देवेन्द्र कुमार पुत्र श्री तारा चंद निवासी 334, भट्टू रोड, फतेहाबाद, नजदीक शिव मंदिर, वार्ड नं. 17 को बेच दी है। यह प्लाट अब मैं इनके नाम करवाने के लिए कंपनी Vikas Buildmart PVT. LTD को सभी कागजात देना चाहता हूं। मेरी ऑरिजनल अलॉटमेंट और बाकी दस्तावेज दिनांक 03/06/2021 को पुराने बस स्टैंड के पास कहीं पर गुम हो गए थे। जिसकी शिकायत मैंने पुलिस में दर्ज करवा दी है। जिसका एफआईआर नं. 13256007250210 1 है। यह प्लाट में देवेन्द्र कुमार के नाम करने की प्रार्थना करता हूं और यदि मुझे ऑरिजनल दस्तावेज मिलते हैं तो मैं उन्हें कंपनी को जमा करवा दूंगा और इनका कोई गलत प्रयोग नहीं करूंगा।

-शपथकर्त्ता

## खबर संक्षेप

### दस किलो चूरापोस्त सहित दो तस्कर पकड़ा

**सिरसा।** पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से दो लोगों को गिरफ्तार कर 10 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस गश्त के दौरान रानियां क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 में मौजूद थी। इस दौरान गली में से एक व्यक्ति अपने हाथ में प्लास्टिक का बैग लिए हुए आता दिखाई दिया जो कि पुलिस टीम को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस नेआरोपी हरजिंद्र सिंह को काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके थैले से 4 किलो ग्राम चूरापोस्त के साथ बरामद हुआ।

### हेरोइन सहित युवक दबोचा

**ओढां।** सीआईए कालांवाली ने गश्त के दौरान गांव जलालआना से युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान चकेरियां रोड बस अड्डा गांव जलालआना मौजूद थी। इस दौरान उन्हें विश्वसनीय सूत्रों से गुप्त सूचना मिली कि जलालआना निवासी रविंद्र उर्फ कुल्ला नशा तस्करी का काम करता है और नशा तस्करी के फिराक में कालांवाली रोड जलालआना पर आएगा।

### प्रतिबंधित गोलियां व कैप्सूल सहित तीन युवक गिरफ्तार

**डबवाली।** एएनसी डबवाली ने मेडिकल नशा तस्करों पर कड़ा प्रहार करते हुए दो अलग-अलग स्थानों से तीन युवकों को नशे में प्रयुक्त होने वाले 4,360 गोलियों व कैप्सूल के साथ काबू किया है। एएनसी डबवाली प्रभारी सहायक उप निरीक्षक रणजोध सिंह ने बताया कि वे पुलिस टीम के साथ गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गौशाला रोड नजदीक मार्केट कमेटी मंडी डबवाली से लवप्रीत सिंह उर्फ दीपू पुत्र अमरीक सिंह निवासी गांव डबवाली को नशे में प्रयुक्त होने वाले 1500 गोलियां व 1500 प्रेगाबलीन कैप्सूल सहित काबू।

### पुलिस कष्ट निवारण कमेटी ने निपटाए मामलों

**डबवाली।** डबवाली पुलिस कष्ट निवारण कमेटी की बैठक शुक्रवार को महिला थाना में हुई, जिसमें घरेलू कलह व लड़ाई झगड़े की शिकायतों का समाधान किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस की ओर से थाना में आ रही शिकायतों के समाधान हेतु पुलिस कष्ट निवारण कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें मौजूदा पुलिस कर्मचारियों सहित पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हो चुके अधिकारी व कर्मचारियों को शामिल किया गया है और इसमें एक महिला सदस्य सुमन बिश्नोई निदेशक बाबा फरीद कंप्यूटर अकादमी मंडी डबवाली को शामिल किया गया है ।

### शराब ठेके के सेल्समैन पर किया हमला

**सिरसा।** जिला के गांव मेहनाखेड़ा में कुछ युवकों ने शराब ठेके के सेल्समैन पर हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में बिहार से जिला गया के ढोभी के मेहना खेड़ा के राजेश कुमार ने बताया कि वह मेहना खेड़ा निवासी शराब ठेके पर सेल्समैन है। वह और उसका साथी झारखंड जिले के चतरा से सेल्समैन जितेंद्र कुमार वहां पर मौजूद थे। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसी समय पांच युवक रात करीब डेढ़ बजे शराब ठेके पर पहुंचे और वहां पर लोहे की जाली का गेट तोडक़र वहां आए।

### अवैध हथियारों सहित तीन युवकों को किया काबू

**फतेहाबाद।** सीआईए स्टाफ रतिया पुलिस की टीम ने दो अलग-अलग मामलों अवैध हथियार रखने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। सीआईए स्टाफ रतिया प्रभारी सहायक उप-निरीक्षक रिछपाल ने बताया कि पुलिस टीम रतिया क्षेत्र में गश्त पर थी। गश्त के दौरान टीम जब एक्सचेंज के पास पहुंची तो एक युवक संदिग्ध व्यवहार करते हुए दिखाई दिया। पुलिस पार्टी को देखकर आरोपी अचानक तेजी से पीछे मुडक़र भागने लगा।

## चरमराई शहर की सफाई व्यवस्था

# शहर का सफाई ठेका खत्म, हटाए गए 70 से अधिक कर्मचारी धरने पर बैठे

*नगरपालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले आंदोलन शुरू कर दिया है। सफाई कर्मचारी आज नगरपरिषद प्रांगण में धरने पर बैठे और सरकार व नगरपरिषद प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।*



फतेहाबाद। नगरपरिषद कार्यालय में धरना देते सफाई कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नगरपरिषद फतेहाबाद के अधिकारियों की अनदेखी के कारण 70 से अधिक सफाई कर्मचारियों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। सफाई ठेके को एक्सटेंड न किए जाने के चलते ठेकेदार के अधीन काम करने वाले इन कर्मचारियों को अब काम से हटा दिया गया है। इससे खफा सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को नगरपालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले आंदोलन शुरू कर दिया है। सफाई कर्मचारी आज नगरपरिषद प्रांगण में धरने पर बैठे और सरकार व नगरपरिषद प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नगरपालिका कर्मचारी संघ ने हटाए गए सभी कर्मचारियों को जल्द काम पर लेने की मांग की है।

कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द ही इसको लेकर सकारात्मक कदम नहीं उठाया तो कर्मचारी आंदोलन को तेज कर देंगे। 70 से अधिक सफाई कर्मचारियों को हटाए जाने के बाद शहर में सफाई व्यवस्था भी चरमरा गई है। नगरपरिषद प्रांगण में धरने पर बैठे कर्मचारी सन्नी आदिवाल, सुनील पुआल, नरेन्द्र कुमार, बलजीत सिंह, अमित घोघलिया, रीना रत्ति, गंगा देवी आदि ने कहा कि नगरपरिषद द्वारा सनराइज कम्पनी को शहर में सफाई का ठेका दिया गया था।

ठेकेदार द्वारा 70 से अधिक कर्मचारियों को शहर में सफाई के काम में लगाया गया था लेकिन अब कम्पनी का ठेका खत्म हो गया है। नगरपरिषद द्वारा ठेके को एक्सटेंड किया जाना था लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के चलते अभी तक ठेका अवधि को नहीं बढ़ाया गया है, जिस कारण ठेकेदार के अधीन काम कर रहे 70 कर्मचारियों को काम से हटा दिया गया है। कर्मचारियों ने कहा कि काम से हटाने के चलते उनके परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। नगरपालिका कर्मचारी संघ ने मांग की है कि नगरपरिषद प्रशासन जल्द सफाई ठेके को आगे बढ़ाए और हटाए गए सभी कर्मचारियों को काम पर लिया जाए। यदि ठेका नहीं बढ़ाया जाता तो इन कर्मचारियों को नगरपरिषद अपने स्तर पर काम दें ताकि इन कर्मचारियों को राहत मिल सके।

## शिकायतकर्ताओं को बार-बार वही समस्या भविष्य में न झेलनी पड़ेः डीसी

# रिओपन की गई शिकायतों पर विशेष फोकस रखें अधिकारी, जड़ से करें समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित करते डीसी।

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर की साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए कि जनहित से जुड़ी हर शिकायत का निवारण उचित, पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि जो शिकायतें रिओपन की गई हैं, उन पर विशेष फोकस रखा जाए और उनकी जड़ तक जाकर स्थायी समाधान निकाला जाए ताकि शिकायतकर्ताओं को बार-बार वही समस्या भविष्य में न झेलनी पड़े। बैठक में एसएमजीटी, जनसंवाद पोर्टल, सीएम विंडो और सीपी ग्राम पर प्राप्त सभी शिकायतों की प्रगति का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने कहा कि लंबित एवं पुनः खोली गई शिकायतों की संख्या न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए सभी विभाग कार्य करें और समय-सीमा में निवारण सुनिश्चित करें।

### शिकायत निपटान में लापरवाही पर सख्ती

उपायुक्त ने विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि जिन विभागों में शिकायतों के निपटान की प्रगति अपेक्षाकृत कम है, वे शिकायतों के निपटान में तेजी लाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों को केवल बंद करने की बजाय स्थायी समाधान पर फोकस किया जाए, ताकि दोबारा शिकायत दर्ज न हो। उपायुक्त ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि अपने-अपने विभागों से संबन्धित शिकायतों का विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत करें व एक्शन टेकन रिपोर्ट को गुणवत्ता मानकों के अनुरूप अपलोड किया जाए। एटीआर में शिकायत की स्थिति और समाधान की समय-सीमा स्पष्ट रूप से दर्ज होनी चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि निर्देशों की अनुपालना न होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी । बैठक में एसडीएम राजेश कुमार, डीडीपीओ अनूप सिंह, डीएसपी कुलवंत सिंह, सूचना जन संपर्क विभाग के उप निदेश अमित पंवार, जिला कल्याण अधिकारी विनोद चावला आदि मौजूद रहे।

## कन्या स्कूल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक यूनिट द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन




**रतिया।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतिया में एनएसएस यूनिट द्वारा कार्यक्रम अधिकारी प्रवक्ता बबीता के नेतृत्व में एक दिवसीय शिविर में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहित्यकार डॉ. नैब सिंह मंडेर ने एनएसएस यूनिट द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने श्रमदान व नैतिक शिक्षा के महत्व पर चर्चा करते हुए छात्राओं को सर्वांगीण विकास के लिए अच्छी शिक्षा, नैतिक ज्ञान तथा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर जोर दिया गया। इस मौके पर एनएसएस वालंटियर छात्राओं ने श्रमदान करते हुए पेड़-पौधों की जड़ों एवं बगीची की जड़ों में साफ सफाई की। शिविर में एनएसएस वॉलंटियर छात्राओं सुखमणि, सुखप्रीत कौर, महिमा ने चार साहिबजादों के बलिदान पर बहुत ही भावुक शब्द गायन प्रस्तुत करके सबको मंत्र मुक्त कर दिया। इस अवसर पर प्रवक्ता किरण, सुनीता कौर, सुनीता रानी, मंजू रानी, विकास कक्कड़, रामगोपाल बलाना, संगीता शर्मा, प्रवक्ता सीमा रानी, प्रवक्ता उषा रानी सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित था।




टोहाना। वीर बाल गेट टोहाना पर साहिबजादों के बलिदान को नमन करते बच्चे।

### साहिबजादों के बलिदान को किया नमन

टोहाना। वीर बाल गेट टोहाना में जिला बाल संरक्षण अधिकारी शिवकुमार मालवाल द्वारा वीर बाल दिवस मनाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों को वीर बाल दिवस के बारे में बताते हुए अधिकारी ने बताया कि 26 दिसंबर को गुरु गोविंद जी के पुत्रों ने अपने देश और धर्म की रक्षा के लिए चारों साहिबजादों ने इस्लाम धर्म को कबूल करने से मना कर दिया और अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान कर दिया इस दौरान उन्होंने बताया कि दो नन्हें वीर बालक जोरावर सिंह और फतेह सिंह जिनकी उम्र क्रमशः 9 साल और 7साल थी। जिनको मुगल शासक ने इस्लाम ना कबूल करने के कारण जिन्दा दीवार में चिनवा दिया था, लेकिन वीर बालकों ने खुशी खुशी अपने प्राणों को बलिदान कर दिया। ऐसे वीर बालकों को उनके द्वारा नमन किया गया। इस दौरान वीर जोरावर सिंह, वीर फतेह सिंह सेवा सोसाइटी के प्रबंधक और पतंजलि स्कूल, हेलो किड्ज एस वी एम स्कूल, महात्मा बुद्ध इंटरनेशनल स्कूल, और दुर्गा महिला सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संचालक और बच्चे, बलदेव सैनी, रेखा सैनी नगर परिषद वाइस चेयरमैन, पतंजलि स्कूल की कॉर्डिनेटर रितु ग्रोवर आदि भी उपस्थित रहे।

# डीएवी स्कूल नागपुर में वार्षिक में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया




रतिया। वार्षिक उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

डीएवी स्कूल नागपुर के प्रांगण में आज वार्षिक उत्सव 'प्रतिभा पर्व' अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नागपुर की सरपंच अनिता कम्बोज, गांव नकटा सरपंच जयभगवान, अजीत नगर से सरपंच रमेश कुमार, समाजसेवी स. कुलवंत सिंह, सुनीत तनेजा, विनोद मेहता एवं बंटी झंडई ने भाग लिया। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। स्कूल के डायरेक्टर राकेश मेहता, प्रिंसीपल रंजू मेहता व कोर्डिनेटर सलोनी ग्रोवर ने अतिथियों का स्वागत किया और विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट साझा की। कोरियोग्राफर फाल्गुनी भारद्वाज की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन सलोनी ग्रोवर, चांदनी गर्ग ने किया वहीं डेकोरेशन की जिम्मेवारी बेअंत कौर ने निभाई।

# बलिदान, संस्कार और प्रकृति सेवा ही राष्ट्र निर्माण का मार्गः सांसद बराला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना



टोहाना। वीर बाल दिवस पर गुरूद्वारे में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे सांसद सुभाष बराला।

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि यदि हम समाज और देश में सही अर्थों में बड़ा योगदान देना चाहते हैं, तो हमें अपने इतिहास की गहन और प्रामाणिक समझ होना अत्यंत आवश्यक है। जब तक हम अपने अतीत के बलिदानों और संघर्षों को सही संदर्भ में नहीं समझेंगे, तब तक राष्ट्र सेवा की भावना अधूरी रहेगी।

सांसद शुक्रवार को गुरुद्वारा गुरु नानक धर्मशाल साहिब, टोहाना में वीर बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने गुरुद्वारा में मत्था टेककर क्षेत्र व देश की खुशहाली की अरदास की और संगत को गुरु परंपरा के महान आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इससे पूर्व उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बस स्टैंड, टोहाना में पौधारोपण भी किया। सांसद सुभाष बराला ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी ने पूरी दुनिया को भारतीय संस्कृति, मानवता, समानता और भाईचारे का संदेश दिया।

### सतलुज स्कूल भट्टू मंडी में धूमधाम से मनाया बाल दिवस



**भट्टूकलां।** सतलुज स्कूल, भट्टू मण्डी में वीर बाल दिवस बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति और वीरता के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्कूली बच्चों द्वारा आयोजित नगर कीर्तन रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने अनुशासन, श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया। नगर कीर्तन विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर आसपास के क्षेत्र से होते हुए पुनः विद्यालय में संपन्न हुआ। इस दौरान बच्चों ने वीर साहिबजादों के बलिदान को याद करते हुए भजन-कीर्तन और देशभक्ति नारों के माध्यम से वातावरण को भावविभोर कर दिया। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर रमन कुमार राणा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वीर बाल दिवस हमें गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों के अद्वितीय साहस, बलिदान और धर्म के प्रति अटूट आस्था की याद दिलाता है। आज के बच्चों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सच्चाई, साहस और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलना चाहिए।

## तैयारियों को लेकर फतेहाबाद में इनेलो कार्यकर्ताओं ने किया मंथन

# इनेलो राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 4 को फतेहाबाद में

*पूर्व मंत्री सम्पत सिंह का होगा अभिनंदन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते गौरव सम्पत सिंह व अन्य इनेलो नेता।

इनेलो राष्ट्रीय एवं राज्य कार्यकारिणी की बैठक 4 जनवरी रविवार को फतेहाबाद में सिरसा रोड स्थित सेतिया पैलेस में होगी। बैठक की अध्यक्षता इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला करेंगे। इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री एवं इनेलो के राष्ट्रीय संरक्षक सम्पत सिंह के सम्मान में अभिनंदन समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा सहित प्रदेशभर से वरिष्ठ इनेलो नेता भाग लेंगे। कार्यक्रम को लेकर इनेलो की जिला स्तरीय बैठक जाट धर्मशाला में हुई। बैठक की अध्यक्षता इनेलो जिला प्रधान बीकर सिंह हड़ौली ने की वहीं मुख्य रूप से युवा इनेलो नेता गौरव सम्पत सिंह ने विशेष तौर पर शिरकत की। बैठक में अभिनंदन समारोह एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई और पदाधिकारियों की ड्यूटियां निर्धारित की गई।

### इनेलो से भावनात्मक जुड़ाव का संदेश

बैठक को संबोधित करते हुए गौरव सिंह ने कहा कि उनके पिता सम्पत सिंह चौटाला परिवार में एक सदस्य के रूप में जाने जाते हैं। पूर्व सीएम स्व. औमप्रकाश चौटाला ने सम्पत सिंह को जो मान-सम्मान दिया, उसे कभी भूलाया नहीं जा सकता। गौरव सिंह ने कहा है कि भले ही किन्हीं कारणों से उन्हें इनेलो को छोडना पड़ा लेकिन इनेलो के बिना वह अधूरे थे। सम्पत सिंह कहीं भी गए लेकिन उनके दिल से इनेलो के प्रति लगाव कभी कम नहीं हो पाया। पूर्व सीएम के बिछुड़ जाने के बाद अभय सिंह चौटाला जिस तरह उनकी नीतियों को आगे बढ़ा रहे हैं, ऐसे में सम्पत सिंह ने भी अभय सिंह चौटाला के साथ जुडक़र पूर्व सीएम के अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प लिया है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने जिम्मी जिंदल हॉस्पिटल का किया निरीक्षण

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने आज हरियाणा नशा मुक्ति केंद्र फतेहाबाद एवं जिमी जिंदल हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम में डीएसपी नरसिंह जी, थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरिक्षक सुरेन्द्रा और चौकी इंचार्ज बस स्टैंड उप-निरीक्षक सुमित शामिल थे। निरीक्षण टीम ने दोनों स्थानों पर अस्पताल अधिकारियों और कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की और उन्हें निर्देश दिए कि मरीजों की देखभाल, सुविधाओं का रखरखाव और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। पुलिस ने निर्देश दिए कि नशा मुक्ति केंद्र में सुविधाओं और सफाई का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। मरीजों के लिए स्टाफ और मेडिकल सपोर्ट हमेशा उपलब्ध हो।

### तनु मलिक, इशू मलिक ने जीता स्वर्ण पदक

**सिरसा।** आंध्रप्रदेश के पेटामाटा स्थित इंडोर खेल स्टेडियम में आयोजित अंतरराज्यीय-अंतरक्षेत्रीय राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप-2025 में महिलाओं के डबल्स मुकाबले में द सिरसा स्कूल में स्थापित चौधरी देवीलाल बैडमिंटन अकादमी की खिलाड़ी तनु मलिक व इशू मलिक ने स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम चमकाया है। बैडमिंटन कोच दीपेश ठक्कर ने स्वर्ण विजेता दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए बताया कि बीती 22 से 28 दिसंबर तक जारी इस प्रतियोगिता में तनु मलिक व इशू मलिक ने प्रतिभागिता कर अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा किया।

### कैंप में अब तक 88 रोगियों के मुफ्त नेत्र ऑपरेशन

**रतिया।** लायंस क्लब रतिया टाऊन द्वारा आयोजित मुफ्त नेत्र ऑपरेशन कैंप के अंतर्गत आज नेत्र रोगियों की आंखों के ऑपरेशन किए गए। इस कैंप में प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल सिंगला द्वारा रोगियों की आंखों की जांच की जा रही है तथा जरूरतमंदों के मोतियाबिंद के मुफ्त ऑपरेशन किए जा रहे हैं। कैंप का मुख्य उद्देश्य आंखों की समस्याओं से पीड़ित जरूरतमंद व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को निशुल्क इलाज उपलब्ध करवाकर उन्हें पुनः आंखों की रोशनी प्रदान करना है, ताकि वे आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष कपिश गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष 250 नेत्र रोगियों को ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया है। कैंप के परियोजना अधिकारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि अब तक 88 नेत्र रोगियों के ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं।

### फतेहाबाद पुलिस ने 118 अपराधियों को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिले में अपराधमुक्त वातावरण और नशे के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत फतेहाबाद पुलिस ने अब तक 118 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिलेभर में गश्त, छापेमारी करते हुए 545 से अधिक हॉटस्पॉट क्षेत्रों की निगरानी की गई है। सभी थाना/यूनिट स्तर पर विशेष टीमों ने मोहल्लों, ग्रामीण बेल्ट, बाजार क्षेत्रों और नशा प्रभावित पॉकेट्स में लगातार कॉम्बिंग की। छापेमार टीमों द्वारा अभियान के दौरान अब तक 6080 नशीली गोलियां, 2.706 किलोग्राम अफीम, 423.49 ग्राम हेरोइन, 49.480 किलोग्राम डोडा पोस्त, 762 ग्राम गांजा, 71 बोतलें अवैध शराब व 430 लीटर लाहन, 66,630 नकदी तथा 3 अवैध असले बरामद किए गए हैं।

### वीर बाल दिवस पर सेमिनार का आयोजन

**फतेहाबाद।** मनोहर मैमोरियल कॉलेज में उच्चतर शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग, भारत सरकार के निर्देशानुसार 'वीर बाल दिवस' के उपलक्ष्य में एक भव्य सेमिनार का आयोजन किया गया। पंजाबी विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान और वीरता के इतिहास से अवगत कराना था। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर वरिष्ठ स्टाफ सदस्य एसएस मल्होत्रा ने भाग लिया वहीं अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने की। कार्यक्रम की शुरुआत साहिबजादों के चित्र पर पुष्प अर्पित और उनके द्वारा दिए गए बलिदान को साथ करते हुए की गई।

### गोल्ड जीतने पर दीक्षा का गांव में भव्य सम्मान

**भूना।** झारखंड में आयोजित स्कूल नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप में अंडर-14 आयु वर्ग में हरियाणा टीम की ओर से खेलते हुए गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश व क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली होनहार खिलाड़ी दीक्षा का शुक्रवार को गांव धौलू स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। ग्राम पंचायत, स्कूल शिक्षा समिति, अध्यापकों व ग्रामीणों ने मिलकर बेटी की इस उपलब्धि को गर्व के साथ मनाया। सम्मान समारोह में दीक्षा को नोटों की मालाएं पहनाई गई, पारंपरिक पगड़ी बांधी गई तथा आकर्षक उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

### शहीद उधम सिंह जयंती पर अहरवां में कार्यक्रम

**फतेहाबाद।** शहीद उधम सिंह कम्बोज की 127 वीं जयंती पर गांव अहरवां के पार्क में समारोह का आयोजन किया गया इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर अखिल भारतीय शहीद सम्मान संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह दहिया एवं जिंदगी सामाजिक संस्था के प्रधान हरदीप सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की जबकि जगतार सिंह जोहल ने समारोह की अध्यक्षता की। मुख्य अतिथि देवेन्द्र दहिया ने शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समारोह का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि देवेंद्र दहिया ने अपने सम्बोधन में कहा कि शहीद उधम सिंह पक्के इरादे वाले क्रांतिकारी व महान स्वतंत्रता सेनानी थे, जिनका जन्म 26 दिसंबर 1899 को पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम गांव में हुआ था।